बिहार सरकार
बिहार कौशल विकास मिशन
श्रम संसाधन विभाग

पत्रांक–बी0एस0डी0एम0/SDI–25/2016 1071 पटना, दिनांक– 29/12/2017

प्रेषक,

दीपक कुमार सिंह, भा0प्र0से0
प्रधान सचिव–सह–मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी,
बिहार कौशल विकास मिशन।

सेवा में,

सभी SDC प्रशिक्षण प्रदाता एजेंसी
सभी BSDC प्रशिक्षण प्रदाता एजेंसी

विषयः– SDC/ BSDC केन्द्रों पर अंग्रेजी समाचार पत्र उपलब्ध कराने के संबंध में।

महाशय,

उपर्युक्त विषय के संबंध में कहना है कि आप अवगत है कि "कुशल युवा कार्यक्रम" राज्य सरकार की प्राथमिकता का कार्यक्रम है। इस कार्यक्रम के अधीन प्रशिक्षणार्थियों को कम्प्यूटर तथा व्यवहार कौशल ज्ञान के साथ संवाद कौशल (हिन्दी एवम् अंग्रेजी) का भी प्रशिक्षण दिया जाता है। युवाओं को दिये जाने वाले प्रशिक्षण की गुणवत्ता के प्रति राज्य सरकार गंभीर है।

कुशल युवा कार्यक्रम की गुणवत्ता अधिक से अधिक प्रभावी हो इसके लिए बिहार कौशल विकास मिशन द्वारा कई महत्वपूर्ण निर्णय चरणबद्ध तरीके से लागू किये जा रहे है। इसी क्रम में यह निर्णय लिया गया है कि प्रत्येक BSDC/SDC केन्द्रों पर अब प्रतिदिन एक अंग्रेजी समाचार पत्र लिया जाना अनिवार्य होगा।

अतः निदेश दिया जाता है कि आप अपने अपने केन्द्र पर प्रतिदिन एक अंग्रेजी समाचार पत्र लेना सुनिश्चित करेगें तथा प्रशिक्षणार्थियों को पढ़ने हेतु प्रेरित करेगें। जॉच के क्रम में यदि किसी भी केन्द्र पर अंग्रेजी समाचार पत्र की उपलब्धता नही पाई जाती है तो उनपर नियमानुकूल कार्रवाई की जायेगी।

इसे कृपया अत्यावश्यक समझा जाये।

विश्वासभाजन
27/12/17
(दीपक कुमार सिंह)
प्रधान सचिव–
सह–मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी,
बिहार कौशल विकास मिशन,